रघुवीर सिंह बाबूजी की प्रतिमा लगने पर यादव समाज खुश

पुरानी मांग हुई पूरी

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,05 फरवरी। यादव समाज की मांग पर पूर्व विधायक एवं प्रखर समाजसेवी स्वर्गीय रघुवीर सिंह बाबूजी की आदमकद प्रतिमा स्थापित होने पर मध्य प्रदेश यादव समाज ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, ग्वालियर जिला प्रशासन एवं नगर निगम का आभार व्यक्त किया है। यादव समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपेश यादव ने कहा है कि ग्वालियर चंबल अंचल के समग्र यादव समाज के लिए यह आत्मगौरव और स्वाभिमान व्यक्त करने का गौरवशाली सुअवसर है।

ग़ौरतलब है कि गांधी रोड, ग्वालियर ठाटीपुर गांव, आकाशवाणी चौराहा के समीप भव्य, दिव्य स्वरूप में पूर्व विधायक रघुवीर सिंह बाबूजी की आदमकद प्रतिमा स्थापित हो चुकी है, जिसके अनावरण की भव्य तैयारियां भी प्रारंभ हो गई हैं। रूपेश यादव ने कहा कि अत्यंत गौरवशाली और समृद्ध प्राचीन ऐतिहासिक विरासत रखने वाले यादव समाज को भारतीय सभ्यता के आधार स्तंभों में माना जाता है।

महान राजा यदु से लेकर भगवान श्रीकृष्ण तक और उनके बाद 'यदुवंशी' समाज ने देश के उत्थान और राष्ट्र को सही रास्ता दिखाने में अमिट योगदान दिया है। ग्वालियर चंबल अंचल के समग्र यादव समाज के लिए यह आत्मगौरव व्यक्त करने का सुअवसर है कि ग्वालियर के जन जन के लोकप्रिय यादव समाज के हृदय सम्राट पूर्व विधायक स्व. रघुवीर सिंह 'बाबूजी' एव पूर्व अध्यक्ष की भव्य प्रतिमा गांधी रोड, लेफ्ट टर्न ग्वालियर के आकाशवाणी चौराहा के समीप आदमकद रूप में स्थापित हो गई है।

मध्यप्रदेश के यादव समाज संगठन ने ग्वालियर के यादव समाज की महान विभूति स्व. रघुवीर सिंह बाबूजी की प्रतिमा स्थापित किए जाने के लिए मध्य प्रदेश के समग्र यादव समाज की ओर से केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, ग्वालियर जिला प्रशासन एवं नगर निगम का हृदय से आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रतिमा अनावरण समारोह भव्यता एवं पूर्ण गरिमा के साथ आयोजित किया जाना चाहिए।

सिथौली रेल स्प्रिंग कारखाने में हुआ गैस रिसाव

5 कर्मचारी झुलसे

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,05 फरवरी। सिथौली स्थित रेलवे स्प्रिंग फैक्ट्री में गुरूवार अपरान्ह गैस रिसाव से पांच कर्मचारियों की तबियत बिगड़ गई और वह मूर्छित हो गये। यह गैस रिसाव बायलर से हुआ और यह कर्मचारी वहीं काम कर रहे थे। गैस से बायलर क्षेत्र में हल्की आग भी भड़क गई थी। आग से इन कर्मचारियों के झुलसने की भी खबर है। आग को दमकल दस्ते की मदद से काबू में कर लिया गया।

सिथौली स्थित रेलवे स्प्रिंग फैक्ट्री में गैस रिसाव की जानकारी लगते ही फैक्ट्री के अधिकारी व बचाव दल के सदस्य वहां पहुंचे और पहले गैस रिसाव रोकने की कार्रवाई कर तत्काल गैस से प्रभावित हुये पांचों कर्मचारियों को नजदीक के आईटीएम हास्पीटल में भर्ती कराया गया है। रेलवे स्प्रिंग फैक्ट्री में बॉयलर गैस रिसाव में कौशल श्रीवास्तव, योगेश कॉन्ट्रैक्ट एम्प्लॉई, शब्बीर कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी, हेमंत चैबे टेक-एमडब्ल्यू, अमर सिंह प्राइवेट एम्प्लॉई की तबियत झुलसने व गैस प्रभाव से प्रभावित हुई हैं। सभी को अर्द्धमूर्छित अवस्था में चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सक उनके उपचार में लगे हैं। डीआरएम अनिरूद्ध कुमार ने बताया कि रेल स्प्रिंग फैक्ट्री में एन्युअल मेंटीनेंस के दौरान यह हादसा हुआ। घायल हुये चार कर्मचारी मेसर्स ताईकिशा कान्ट्रेक्टर कंपनी व एक रेलवे सेवा से जुड़े हुये है और सभी का आईटीएम हास्पीटल में इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति स्थिर है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के आदेश दे दिये गये हैं। वहीं पीआरओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जांच में दोषी पाये जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। स्प्रिंग फैक्ट्री के अधिकारी बायलर स्थल पर निगाह बनाये हुये है।

केआरजी व आईकॉम मीडिया सेंटर के मध्य एमओयू साइन

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,05 फरवरी। शासकीय के.आर.जी. स्वशासी महा विद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग एवं प्रवीणा पाण्डेय मेमोरियल इंटरनेशनल सेंटर ऑफ़ मीडिया एक्सीलेंस के बीच एक मेमोरेंडमऑफ ऑस्कर स्टैंडिंग (एम .ओ. यू.) संपन्न हुआ। दोनों संस्थाओं के मध्य संपन्न इस (एम. ओ. यू.) को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर साधना श्रीवास्तव एवं राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं सदस्य डॉ. अनुपम गुप्ता, डॉ. कविता अग्रवाल, डॉ. डीके सिंह, डॉ. सुधा सिंह, डॉ. शिशिर कश्यप एवं आईकॉम मीडिया सेंटर के चेयरपर्सन डॉ. केशव पांडे ने हस्ताक्षरित कर किया। जिसके अनुसार दोनों संस्थाओं ने इस बात को महसूस किया कि मीडिया और अकादमी संस्था के बीच सहयोग होना आवश्यक है, जिससे लोकतांत्रिक मूल्य, सार्वजनिक जागरूकता और लोक विमर्श को बढ़ावा दे सकें।

बस से उतरते ही अज्ञात वाहन की चपेट में आये युवक की मौत

ग्वालियर.बस से उतरते ही एक युवक हाईवे से गुजर रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा बुधवार- गुरुवार की दरम्यानी रात डबरा- ग्वालियर रोड पर हुआ। जिसकी सूचना पाकर पहुंची डबरा सिटी थाना पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए हॉस्पिटल पहुंचाने के उपरांत मामले को विवेचना में ले लिया गया है। डबरा सिटी थाना पुलिस को बुधवार देर रात सूचना मिली थी, कि ग्वालियर डबरा रोड पर समुदन पुल के पास एक युवक को कोई अज्ञात वाहन टक्कर मारता हुआ निकल गया है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची, तो एक युवक लहुलुहान हालत में वहां पड़ा हुआ था। जिसे एंबुलेंस की मदद से हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

गांव के युवक ने नाबालिग से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,05फरवरी। घाटीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम जखा में 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी से उसके मोहल्ले में रहने वाले युवक ने घर में घुसकर गलत काम किया। दुष्कर्म के बाद पीड़िता की मां का निधन हो गया और जब उसके पिता को यह बात पता चली तो लोक-लाज को देखते हए पहले पत्नी का त्रयोदशी संस्कार किया और उसके बाद पुलिस थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दिलीप बरार पुत्र बलवंत बरार निवासी ग्राम जखा घाटीगांव आवारा किस्म का है और मोहल्ले में घूमता रहता है। 15 जनवरी को वर्षीय युवती को अकेला पाकर उसके घर में घुस गया और उसके साथ गलत काम किया। दुष्कर्म करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देने के बाद वहां से चला गया। पीड़िता किसी से कुछ कहती उससे पहले उसकी मां का देहांत हो गया। इन सब अंजान पीड़िता का पिता मुरैना में खेत में घटनाओं की जानकारी से मजदूरी कर रहा था। पत्नी के निधन की बात पता चली तो वह अपने गांव आया और अंतिम संस्कार तथा त्रयोदशी कार्यक्रम किया। मां की त्रयोदशी होने के बाद पीड़िता ने अपने पिता को यह बात बताई कि मोहल्ले में रहने वाला दिलीप बरार ने उसके साथ गलत काम किया है। पीड़िता के मुंह से दुष्कर्म होने की बात पता चलते ही पिता उसे लेकर घाटीगांव थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी बात बताई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर उसे गिरफ्तार कर लिया। घाटीगांव थाना प्रभारी पूरन शर्मा ने बताया कि पीड़िता के साथ घटना 15 जनवरी की है। पीड़िता थाने तक आती उससे पहले ही उसकी मां का निधन हो गया। पिता के साथ बीते रोज थाने आई तो घटना होना बताई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

भाजपा नेता राज चड्ढा की पत्नी का निधन

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता , मेला विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष, समाजसेवी, लेखक राज चड्ढा की धर्मपत्नी नीति चड्ढाजी का आज सायंकाल निधन हो गया है। अंतिम यात्रा 6 फरवरी को प्रात: 10 बजे सनवैली स्थित उनके निवास से लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

प्रदेश विद्युत के क्षेत्र में पूर्णत : आत्मनिर्भर : ऊर्जा मंत्री तोमर



नवभारत न्यूज
ग्वालियर 05 फरवरी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में किये जा रहे कार्यों से प्रदेश विद्युत के क्षेत्र में पूर्णत: आत्म निर्भर हो गया है। प्रदेश भविष्य में भी विद्युत के क्षेत्र में आत्म निर्भर बना रहे इसके लिये विद्युत उपलब्ध क्षमता में 1806 मेगावाट की वृद्धि का कार्यक्रम है। इसमें से 851 मेगावाट क्षमता वृद्धि हासिल की जा चुकी है। प्रदेश में गैर कृषि उपभोक्ताओं को लगभग 24 घंटे एवं कृषि उपभोक्ताओं को लगभग 10 घंटे प्रतिदिन विद्युत प्रदाय की जा रही है। रबी मौसम में मकर संक्रांति पर्व पर 19895 मेगावाट की अधिकतम विद्युत मांग की सफलतापूर्वक पूर्ति की गई, जो प्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक है। प्रदेश में पारेषण हानियां अब मात्र 2.60 प्रतिशत रह गई हैं, जो पूरे देश में न्यूनतम हानियों में से एक है। वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-2030 तक की अवधि में प्रदेश की पारेषण प्रणाली के सुदृढीकरण के लिये म.प्र. पॉवर ट्रॉंसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित 5163 करोड़ रुपये के पूंजीगत कार्यों का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

टी-स्टॉल के ताले तोड़े, सिलेंडर- सिगरेट ले गए चोर

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,05फरवरी। जनकगंज थाना क्षेत्र के गोल पहाड़िया क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों के पांव पड़ गए। चोरों ने खाटू श्याम टी स्टॉल दुकान के ताले तोड़े और उसमें रखा गैस सिलेंडर, सिगरेट व पान मशाला के पैकेट चोरी कर ले गया। वारदात का पता उस समय चला जब दुकानदार सुबह 7 बजे दुकान खोलने पहुंचा। ताले टूटे मिले और दुकान के अंदर से सामान गायब मिला। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंची और दुकान के आस-पास लगे सीसीटीवी देख रही है, जिससे चोरों का कुछ पता चल सके। गोल पहाड़िया नवग्रह कॉलोनी गेट नम्बर दो के पास मार्केट बनी हुई है। मार्के ट में अमित कुशवाह निवासी संजय नगर लक्ष्मीगंज सब्जी मंडी के पीछे खाटू श्याम टी स्टॉल के नाम से दुकान है। अमित कुशवाह दुकान से चाय, कॉफी, पेटीज, सिगरेट, पान मशाला व खान-पान का अन्य सामान बेचते हैं। बुधवार रात 11 बजे अमित ने दुकान बंद की और घर चला गया। गुरुवार सुबह 7 बजे दुकान पर पहुंचा तो देखा कि ताले टूटे हुए हैं और शटर हल्का सा खुला है। ताले टूटे देखकर अमित दुकान के अंदर पहुंचा तो गैस सिलेंडर, सिगरेट व पान मशाला के पैकेट तथा गल्ले में रखी कुछ नकदी अज्ञात चोर ले गए थे। चोरी होने की जानकारी अमित कुशवाह ने तत्काल जनकगंज थाने में दी। सब्बल से तोड़े ताले: खाटू श्याम टी स्टॉल के संचालक अमित कुशवाह ने बताया कि दुकान के दोनों ताले सब्बल से तोड़े गए हैं, क्योंकि तालों पर उसके निशान हैं। दुकान के सामने जो दुकान है उसमें सीसीटीवी लगे हैं और पुलिस आने के बाद उन्हीं की फुटेज देख रही है। अमित कुशवाह नवग्रह मार्केट में तीन महीने पहले ही खाटू श्याम टी स्टॉल के नाम से दुकान खोली है।

डीडी नगर गेट पर चला सफाई अभियान

ग्वालियर, 5 फरवरी। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत ग्वालियर में वायु सुधार हेतु जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग अभियान अंतर्गत डीडी नगर गेट नम्बर 1 से महाराजा कॉम्पलेक्स चौराहा तक अभियान चलकर रोड की सफाई की गई। अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत ग्वालियर में वायु सुधार हेतु जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग अभियान का आयोजन हुआ।

आम सूचना

श्री संजय सिंह मीना पुत्र श्री गोवर्धन मीना एवं श्रीमती रामकथा पत्नी श्री संजय सिंह मीना के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति स्थित ग्राम डंतरदा कलां, प.ह.नं. 14, तहसील एवं जिला श्योपुर (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.782 (बी), ब्लॉक क्र.285(पी) ग्राम डंतरदा कलां का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 181.00 वर्गमीटर है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-पाटौर भवन महेश मीना, पश्चिम में-भवन रामकल्याण गुर्जर, उत्तर में कॉमन वे एवं दक्षिण में भूमि संजय सिंह मीना है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री संजय सिंह मीना पुत्र श्री गोवर्धन मीना के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री संजय सिंह मीना द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती रामकथा पत्नी श्री संजय सिंह मीना के हित में ई-रजिस्टर्ड सहस्वामित्व विलेख क्र. एमपी 26 आईजीआर 18592025ए100111851 दिनांक 21.02.2025 को सम्पादित किया गया। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित वर्ष 2025 से पूर्व कोई भी रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। श्री संजय सिंह मीना एवं श्रीमती रामकथा द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार इण्डिया शैल्टर फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर अथवा वर्ष 2025 से पूर्व का कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्री अजमेर सिंह कमरिया पुत्र श्री कोमल सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.डी-1, स्थित उन्नाव रोड, ग्राम दतिया गिर्द, तहसील व जिला दतिया (म.प्र.) है जो नगर पालिका परिषद दतिया वार्ड क्र.31 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 2941/2508/1/2 ग्राम दतिया गिर्द का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 765 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-भूखण्ड दीगर, पश्चिम में भूखण्ड क्र.डी-02 अर्चना दोहरे, उत्तर में भूखण्ड क्र. डी-11 एवं दक्षिण में-रास्ता 20 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री अतर सिंह, श्री बादाम सिंह, श्री प्रेमनारायण पुत्रगण श्री मनोहर, श्रीमती जानकी देवी पत्नी श्री लाल सिंह, श्री साहब सिंह पुत्र श्री लाल सिंह के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री प्रेमनारायण का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्रीमती कस्तूरी यादव पत्नी स्व. श्री प्रेमनारायण यादव, श्री वीरेन्द्र सिंह यादव पुत्र स्व. श्री प्रेमनारायण यादव उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री अतर सिंह का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री पहाड़ सिंह यादव एवं श्री विक्रम सिंह यादव पुत्रगण स्व. श्री अतर सिंह यादव एवं अन्य उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री वीरेन्द्र सिंह यादव, श्री बादाम सिंह यादव, श्री साहब सिंह यादव, श्री पहाड़ सिंह यादव एवं श्री विक्रम सिंह यादव द्वारा सम्पत्ति 0.2755 हैक्टेयर एरिया श्री अजमेर सिंह कमरिया पुत्र श्री कोमल सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी09592024ए1801116 दिनांक 24.06.2024 से विक्रय की गई। श्री अजमेर सिंह कमरिया द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्री रवि दोहरे पुत्र श्री मोहर सिंह के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री रवि दोहरे द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान टायगर होम फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री प्रेमनारायण व श्री अतर सिंह के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

व्यापार मेला बनेगा देशभक्ति का संगम

पहली बार भारतीय वायुसेना की 16 सदस्यीय बैंड टुकड़ी देगी शानदार प्रस्तुति

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 05 फरवरी । ग्वालियर व्यापार मेले के इतिहास में इस वर्ष एक नया और गौरवपूर्ण अध्याय जुड़ने जा रहा है। पहली बार भारतीय वायुसेना की 16 सदस्यीय बैंड टुकड़ी मेले में 6 व 7 फरवरी को दो दिवस तक अपनी सुमधुर और जोशीली धुनों के माध्यम से देशभक्ति की अलख जगाएगी। वायुसेना बैंड की यह प्रस्तुति राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और शौर्य से ओतप्रोत होगी, जो दर्शकों के मन में देशभक्ति की भावना को और प्रबल करेगी। इसके साथ ही मेले परिसर में भारतीय वायुसेना के कार्यों, उपलब्धियों और राष्ट्र रक्षा में योगदान पर केंद्रित एक भव्य प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में वायुसेना की आधुनिक तकनीक, साहसिक अभियानों, आपदा राहत कार्यों तथा युवाओं के लिए उपलब्ध करियर अवसरों की जानकारी आकर्षक माध्यमों से प्रस्तुत की जाएगी। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम होगा, बल्कि आमजन विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों के लिए भारतीय वायुसेना के गौरवशाली इतिहास और दायित्वों को नजदीक से जानने का सुनहरा अवसर भी बनेगा। मेला प्रशासन ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस ऐतिहासिक और प्रेरणादायक आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है। ग्वालियर व्यापार मेला इस बार सिर्फ बाजार नहीं, बल्कि देशभक्ति और राष्ट्रीय गर्व का उत्सव बनेगा।

कृतिका शाही ने यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा में हासिल किये 99.95 प्रतिशत अंक

ग्वालियर। यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा में कृतिका शाही पत्नी रौनक सिंह, पुत्री श्री वीरेन्द्र रूमा शाही ने 220/300 अंक हासिल कर ग्वालियर शहर का नाम रोशन किया है। इनकी शैक्षणिक योग्यता बीएससी मैथ्स, एमएससी मैथ्स, बीएड, एमएड है वर्तमान में मैथ्स डिजाइनर पाठ्यक्रम के रूप में कार्यरत हैं। कृतिका शाही पत्नी रौनक सिंह वह डॉ. उमेश सिंह एवं डॉ. रीति सिंह की पुत्रवधू हैं।

134 वां अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन 22 को



नवभारत न्यूज
ग्वालियर,05फरवरी। अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन के द्वारा देशभर में कई रिश्ते गत 29 वर्षों में कराकर हजारों अग्रबंधुओं के परिवारों के घरों में खुशहाली लाने का बखूबी तरीके से समाजसेवा का यह कार्य किया है, जिसमें 133 आयोजन परिचय सम्मेलन के अभी तक किये जा चुके हैं । उक्त बात अग्रवाल परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन ने भरतपुर में आयोजित अग्रबंधुओं की मीटिंग को सम्बोधित करते हुए कही। मीटिंग में मुकेश सिंघल राष्टीय उपाध्यक्ष, नीलम शाह राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष एवं बबीता अग्रवाल राष्ट्रीय महामंत्री अतिथि के रूप में शामिल थी। मीटिंग का संचालन राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष अतुल मित्तल ने किया। परिचय सम्मेलन के अब इसी क्रम को जारी रखते हुए 134 वां युवक युवती परिचय भरतपुर में 22 फरवरी को गिरीश रिसोर्ट भरतपुर में आयोजित किया गया है। अग्रबंधुओं की मीटिंग में प्रीती कंसल जिला अध्यक्ष पारुल गोयल उपाध्यक्ष एवं निशा गोयल कोशाध्यक्ष,भारत-भूषण अग्रवाल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विनोद सिंगल, प्रमोद कल्याण ,विष्णु लोहिया , ओमप्रकाश सिंगल, दिनेश गर्ग सभी पदाधिकारी भरतपुर ने भी अपने अपने विचार समाजहित मे रखें। समाज के बन्धु आसानी से अपने बच्चों के रिश्ते एक ही जगह पर कर सके हैं इसके लिए एक मंच रहेगा, और सभी विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय कराया जाएगा। जयपुर अलवर, जौधपुर, धौलपुर, बाडी, करौली, बीकानेर, सवाईमाधोपुर ,आगरा आदि शहरों के अनेक युवक-युवतियों के अभी तक 150 पंजीयन किये जा चुके हैं।

भागवत कथा का तृतीय दिवस, सती चरित्र प्रसंग सुनाया

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,05फरवरी। गिरगांव में लोढी माता मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा प्रवक्ता पंडित दिनेश शास्त्री ने सती चरित्र के प्रसंग में कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे हैं वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान न हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्मदाता पिता का ही घर क्यों न हो। कथा वाचक ने ध्रुव चरित्र की कथा भी सुनाई। हमें इसी तरह नि:स्वार्थ एवं निष्काम भक्ति में लीन रहते हुए समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भुमिका निभानी चाहिये। भगवत भजन के बिना जीव की मुक्ति संभव नहीं है।

कथा की आरती में ग्वालियर ग्रामीण के विधायक साहब सिंह गुर्जर, परीक्षित चौधरी बंटी सिंह श्रीमती सत्यभामा सिंह , चौधरी धर्मवीर सिंह, चौधरी अतर सिंह, शिव सिंह पूर्व सरपंच, सुल्तान सिंह पूर्व सरपंच, रामवीर सिंह, चौधरी राम गुर्जर व सैकडों श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 19 वार्ड क्रं. 46, भवन क्रं. 512 , स्थानः निम्बालकर की गोठ पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती भागचंद खटवानी / श्री जेठानंद खटवानी के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000328613 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 378 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. मृत्युउपरांत-उत्तराधिकार के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र महाराज बाडा औषधालय क्षे.क्रं. 19 पर दिनांक 27.01.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 82/2011/25100/25190/ प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
श्रीमती मोहनी देवी / श्री रामचंद
पताः निम्बालकर की गोठ, वार्ड-46
विज्ञप्ति जारी दिनांकः 05-02-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 17 वार्ड क्रं. 38, भवन क्रं. .., स्थानः राधा कृष्ण विहार पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती नरेश शाक्य / श्री भीकम चन्द्र शाक्य के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1004078626 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 902 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. MP21IGR17402025A1 01055268 दिनांक 20.11.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ढोली बुआ का पुल क्षे.क्रं. 17 पर दिनांक 29.01.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 71/2010/58496/58688/प्र. क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
श्रीमती रस्सो खान पति श्री निजाम खान
पताः राधा कृष्ण विहार, वार्ड-38
विज्ञप्ति जारी दिनांकः 05-02-2026

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,05 फरवरी। सेवा ही धर्म और मानवता ही पहचान के संकल्प को चरितार्थ करते हुए, जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी (म.प्र.) एवं शौर्य करणी सेना परिवार (म.प्र.) के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं औषधि वितरण कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम महाराणा प्रताप पार्क, के सामने आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने अपनी जांच कराई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से नि:शुल्क जांच कर जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाइयां दी गईं। वहीं युवाओं में खासा उत्साह देखा गया, जहाँ कई युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुणेश सिंह भदौरिया एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमलता तोमर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सोसाइटी के प्रदेशाध्यक्ष सागर नाती विशेष रूप से सम्मिलित हुए।

संबंध विच्छेद सूचना

नाम- जसपाल सिंह
पिता का नाम- श्री वचनसिंह
आयु- 48 साल
जाति- सिक्ख
व्यवसाय- कृषि

निवासी- वार्ड नंबर 14 फक्कड़ चौराहा श्योपुर, तहसील व जिला श्योपुर म.प्र.मैं शपथपूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि- 1. यह कि मैं शपथकर्ता जसपालसिंह पुत्र श्री वचनसिंह जाति जट सिक्ख निवासी फक्कड़ चौराहा श्योपुर म.प्र. का हूँ। 2. यह कि मेरा पुत्र जसकरण सिंह निवासी फक्कड़ चौराहा श्योपुर दिनांक 19.01.2026 को सुमन बैरवा पुत्री सत्यप्रकाश बैरवा निवासी वार्ड नं. 14 फक्कड़ चौराहा श्योपुर के साथ फरार हो गया है। 3. यह कि मेरा पुत्र मेरी बिना अनुमति के घर से चला गया मेरे पुत्र का विवाह मैने दिनांक 21.01.2026 को सरबजीत कोर पुत्री श्री सरदूलसिंह निवासी ग्राम चकबमूलिया के साथ तय किया था। 4. यह कि मेरा पुत्र घर से फरार हो जाने से मेरे परिवार में मेरी छवि धूमिल हो गई है। 5. यह कि मेरे पुत्र का अब मेरी सम्पत्ति एवं परिवार एवं मेरी जिन्दगी से कोई संबंध नहीं है, मैं अपने पुत्र को हर तरह की सम्पत्ति एवं रिश्ते से बेदखल करता हूं। मेरा पुत्र वापिस घर आ जाता है तब भी मेरा उससे कोई लेना देना नहीं है। सत्यापन:- मैं शपथकर्ता शपथपूर्वक सत्य कथन करता करता हूँ कि इस शपथपत्र कलम नं. 01 लगायत 05 में वर्णित समस्त तथ्य मेरे निजी ज्ञान के अनुसार सही एंव सत्य है।
स्थान- श्योपुर म.प्र.
दिनांक 05.02.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 24, वार्ड क्रं 65,स्थान अजयपुर ग्वा0 मे स्थित है जो कि महेश कुशवाह/ श्यामनारायण कुशवाह के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 9000179315 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 1200 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड ग्रंथ क्रं 24826 दिनांक 31.08.2012 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र अजयपुर, क्षे.क्र 24, पर दिनांक 05.02.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता
गायत्री प्रजापति/नन्दकिशोर प्रजापति
पता-अजयपुर ग्वा0(म.प्र.)
मो0-9425341226
विज्ञप्ति जारी दिनांक-05.02.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 16, वार्ड क्रं 41,स्थान फ्लैट क्रं 202, राम कल्पना भवन,चावडी बाजार ग्वा0 मे स्थित है जो कि मधुबाला /सुनील वर्मा,सुनील वर्मा/ हरी कृष्ण वर्मा के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 1000177536 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 850 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं R-14052500566120 दिनांक 14.05.2025 से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र जीवाजीगंज,क्षे.क्र 16, पर दिनांक 02.02.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 81/2010/38601/60800 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता
शिरीन मंसूरी/असहाबुद्दीन
पता-चावडी बाजार ग्वा0(म.प्र.)
विज्ञप्ति जारी दिनांक-05.02.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 03, वार्ड क्रं 08,भवन क्रं 1433,स्थान पीताम्बरा कॉलोनी,गदाईपुरा ग्वा0 मे स्थित है जो कि फूल सिंह नरवरिया/चूणामणी के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 2000020893 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 1200 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/मृत्युउपरान्त से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा,क्षे.क्र 03, पर दिनांक 05.02.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 75/2011/54910/54837 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता
जयजिंदर सिंह नरवरिया,रामवरन सिंह/स्व. श्री फूल सिंह नरवरिया
पता-पीताम्बरा कॉलोनी गदाईपुरा ग्वा0(म.प्र.),मो0-9926294120
विज्ञप्ति जारी दिनांक-05.02.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पति क्षेत्र क्रमांक 19 वार्ड क्रमांक 50 स्थान फ्लेट नं-101,गुरूकृपा, जामदारखाना,लश्कर में स्थित है जो कि श्याम सुन्दर डिंगरा/लक्ष्मण डिंगरा के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1003023532 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 350 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी21/जीआर17402026 ए100095543 दिनांक 27/01/2026 से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गोरखी स्काउट पर दिनांक 05/02/2026 को किया गया है. जिसका ऑनलाईन सम्पत्ति ट्रांसफर नं-पीटी45334 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 05-2-2026
नवीन शिवहरे/दिलीप शिवहरे
पता : फ्लैट नं-101,गुरूकृपा,
जामदारखाना , लश्कर, ग्वालियर म.प्र.
मोब-7828783516

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पति क्षेत्र क्रमांक 21 वार्ड क्रमांक 52 स्थान सिन्धी कॉलोनी (तिलक नगर) में स्थित है जो कि हितेश आनन्दानी/राजेश, श्यामलाल/ विशनदास रोहिडा के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000320494 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 625 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी142602025ए1040666 दिनांक 17/01/2025 से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 05-2-2026
भूमिका नानवानी/मनीष नानवानी
पता : सिन्धी कॉलोनी, ग्वालियर म.प्र.